# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com दूरभाष नं.: 01572-232411

दिनांक 14.6.2024

## प्रबन्ध बोर्ड की 27वीं बैठक दिनांक 14.06.2024 का कार्यवाही विवरण

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के प्रबन्ध बोर्ड की 27वीं बैठक दिनांक 14.06.2024 को दोपहर 12:15 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहें:–

| क्र.सं | नाम | पद नाम | पदेन |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर (डॉ.) अनिल कुमार राय | माननीय कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान | (ऑनलाईन उपस्थित) प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा | सदस्य |
| 3. | डॉ. कौशल किशोर मिश्रा | माननीय राज्यपाल प्रतिनिधि | सदस्य |
| 4. | डॉ. संगीता कुमारी | माननीय राज्यपाल प्रतिनिधि | सदस्य |
| 5. | प्रोफेसर (डॉ) रणवीर सिंह | संकायाध्यक्ष, विज्ञान | सदस्य |
| 6. | डॉ. राकेश कुमार | संकायाध्यक्ष शिक्षा | सदस्य |
| 7. | श्री राकेश कुमार गुप्ता | कुलसचिव | सदस्य सचिव |

बैठक की विधिवत कार्यवाही आरम्भ होने से पूर्व माननीय कुलपति महोदय ने सभी आगुन्तक सदस्यों का स्वागत किया। बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु कुलसचिव को निर्देशित किया गया और प्रबंध बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत मदों (Agendas) पर निम्नानुसार निर्णय किये गये :–

**Agenda Item (मद) 1 :– प्रबंध बोर्ड की 26वीं बैठक दिनांक 14.12.2023, के कार्यवृत की पुष्टि का प्रस्ताव।**
**निर्णयः प्रबंध बोर्ड की** बैठक दिनांक 14.12.2023 के कार्यवृत की पुष्टि की गई।

**Agenda Item (मद) 2 :– प्रबंध बोर्ड की 26वीं बैठक दिनांक 14.12.2023 में लिये गये निर्णयों की पालना प्रतिवेदन (ATR) के अनुमोदन का प्रस्ताव।**
**निर्णयः प्रबंध बोर्ड की** बैठक दिनांक **14.12.2023** की **पालना प्रतिवेदन (ATR) का अनुमोदन किया गया।**

**Agenda Item (मद) 3** :– विद्या परिषद की 21वीं बैठक दिनांक 12.06.2024 के कार्यवृत्त के अनुमोदन का प्रस्ताव ।
निर्णयः विद्या परिषद की बैठक दिनांक 12.06.2024 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया।

**Agenda Item (मद) 4** :– विश्वविद्यालय वित्त समिति की 16वीं बैठक दिनांक 11.06.2024 के कार्यवृत का अवलोकन एवं अनुमोदन हेतु प्रस्ताव।
निर्णयः वित्त समिति की बैठक दिनांक 11.06.2024 के कार्यवृत का अनुमोदन किया गया।

**Agenda Item (मद) 5** :– विश्वविद्यालय में हो रहे नवाचार तथा प्रगति कार्य हेतु जानकारी प्रस्तुत करना।
**निर्णयः** विश्वविद्यालय में शैक्षणिक/अशैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के किये जा रहे नवाचार एवं प्रगति सम्बन्धित कार्यवाही कर प्रबंन्ध बोर्ड द्वारा सहमति प्रदान की गई।

**Agenda Item (मद) 6** :– विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह आयोजन दिनांक 04.07.2024 के संबंध में जानकारी एवं तत्सम्बन्धी आवश्यकताओं के क्रियान्वयन हेतु अनुमति प्राप्त करना।
**निर्णयः**– प्रबंध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में दिनांक 04.07.2024 को आयोजित करने की सहमति/अनुमति प्रदान की गई।

**Agenda Item (मद) 7 :–विश्वविद्यालय परीक्षा 2021 एवं 2022 में उत्तीर्ण परीक्षार्थीयों को उपाधि प्रदान करने हेतु अनुग्रह पारित करने का प्रस्ताव।**
**निर्णयः**–प्रबंध बोर्ड द्वारा चतुर्थ दीक्षांत समारोह दिनांक 04.07.2024 में परीक्षा वर्ष 2021 एवं 2022 में स्नातक/स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष में उत्तीर्ण परीक्षार्थीयों को स्वर्णपदक प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

**Agenda Item (मद) 8** :– विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन कार्य के लिए फर्म से सेवाएँ लेने का प्रस्ताव।
**निर्णयः** विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन कार्य के रीट परीक्षा के लिए पूर्व में आयोजित शोध पात्रता परीक्षा में अनुमोदित दरों पर सम्बन्धित तकनीकी फर्म की सेवाएँ लेने का निर्णय लिया गया।

**Agenda Item (मद) 9** :– उपाधि में सुधार (Correction)/प्रतिलिपि (Duplicate) उपाधि हेतु शुल्क निर्धारण का प्रस्ताव।
**निर्णयः** प्रबंध बोर्ड द्वारा परीक्षा वर्ष 2017 एवं 2018 की उपाधियों में त्रुटि सुधार हेतु उपाधि मुद्रित करने वाली फर्म को पूर्व निर्धारित निविदा दर से भुगतान करने का निर्णय लिया गया। साथ ही विश्वविद्यालय स्तर पर हुई त्रुटि में सुधार हेतु (यदि निर्धारित समय में अवगत करवाया जाये) परीक्षार्थी से कोई शुल्क नहीं लेने का भी निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त परीक्षार्थी द्वारा डुप्लीकेट उपाधि लेने पर उससे रूपये 500 शुल्क के रूप में लिये जाने का निर्णय लिया गया।

**Agenda Item (मद) 10** :– विश्वविद्यालय के गत परीक्षाओं के पैपर सैटिंग, उत्तर–पुस्तिका मूल्यांकन के बिलों के भुगतान के सम्बंध में विचार एवं निर्णय।
**निर्णयः** प्रबंध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय परीक्षा के पैपर सैटिंग व परीक्षकों के बिलों का नियमानुसार निर्धारित दर से भुगतान करने का निर्णय लिया गया।

**Agenda Item (मद) 11** :– शोध पात्रता परीक्षा – 2023 के आयोजन हेतु मानदेय भुगतान के सम्बंध में विचार एवं निर्णय।
**निर्णयः** प्रबंध बोर्ड द्वारा शोध पात्रता परीक्षा–2023 के आयोजन हेतु परीक्षा केन्द्रों एवं विश्वविद्यालय शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों को देय पारिश्रमिक/मानदेय हेतु जारी आदेश क्रमशः क्रमांक 2734–37 एवं 2738–39 दिनांक 20.12.2023 की पुष्टि की गई।

**Agenda Item (मद) 12** :– सत्र 2022–23 की सम्बद्धता हेतु कुछ महाविद्यालयों को पूर्ववर्ती तिथि से जारी की गई सम्बद्धता का अनुमोदन।

निर्णयः–सत्र 2022–23 के लिए कुछ महाविद्यालयों को पूर्ववर्ती तिथि से जारी सम्बद्धता का प्रबंध बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।

**Agenda Item (मद) 13 :–** आगामी सत्र 2024–25 से मांगे जाने वाले सम्बद्धता आवेदन पत्र एवं सम्बद्धता शुल्क पर विचार एवं निर्णय।
**निर्णयः** सम्बद्धता शुल्क के सम्बंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण प्रबंध बोर्ड द्वारा वर्तमान शुल्क को ही यथावत रखने का निर्णय लिया गया।

**Agenda Item (मद) 14 :–** भारतीय प्रशासनिक सेवा से राजस्थान से सेवानिवृत अधिकारी को विश्वविद्यालय में परामर्शदाता/विशेषाधिकारी के रूप में समेकित पारिश्रमिक पर सेवाएं लेने के सम्बंध में विचार एवं निर्णय।
**निर्णयः** प्रबंध बोर्ड द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा, राजस्थान से सेवानिवृत अधिकारी श्री श्याम सिंह राजपुरोहित की विश्वविद्यालय में परामर्शदाता/विशेषाधिकारी के रूप में समेकित पारिश्रमिक पर सेवाएं लेने हेतु सहमति प्रदान करते हुए प्रस्ताव राज्य सरकार को स्वीकृति हेतु भेजे जाने का निर्णय लिया गया।

**Agenda Item (मद) 15 :–** खेल गतिविधियों (अन्तर महाविद्यालय एवं अन्तर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं) के सुचारू संचालन हेतु खेल सचिव नियुक्त करने के सम्बंध में विचार एवं निर्णय।
**निर्णयः** प्रबंध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय की खेल गतिविधियों के संचालन हेतु वर्तमान में खेल सचिव के रूप में कार्यरत डॉ. राजेश ढ़ाका की सेवाएं आगामी एक सत्र 2024–25 या विश्वविद्यालय में नियमित खेत अधिकारी की नियुक्ति या अग्रिम आदेश, जो भी पहले हो तक के लिए रखे जाने का निर्णय लिया गया।

**Agenda Item (मद) 16 :–** यूजीसी नियमानुसार विभिन्न विषयों में एडजंक्ट प्रोफेसर तथा प्रोफेसर ऑफ प्रक्टिस के पदों पर नियुक्ति करने के सम्बंध में विचार एवं निर्णय।
**निर्णयः** प्रबंध बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय में यूजीसी नियामानुसार एडजंक्ट प्रोफेसर तथा प्रोफेसर ऑफ प्रक्टिस के पदों पर नियुक्ति के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

**Agenda Item (मद) 17 :–** विश्वविद्यालय में लिपिक (LDC) के पदों पर की गई भर्ती का अनुमोदन हेतु प्रतिवेदित।
**निर्णयः** :– राज्य सरकार द्वारा कनिष्क लिपिक के स्वीकृत पदों पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रतियोगी परीक्षा एवं कम्प्यूटर टाईपिंग परीक्षा उपरांत पात्र पाऐ गये 22 अभ्यर्थियों के चयन/नियुक्ति का प्रबंध बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया।

**Agenda Item (मद) 18 :–** अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय।
**निर्णयः** प्रबंध बोर्ड द्वारा बैठक में प्रस्तुत टेबल एजेण्डा में प्रस्तावानुसार विधिक फर्म, सीए फर्म, सिविल इंजिनियर एवं आर्किटेक्ट की सेवाएं लेने हेतु योग्य पेशेवर (Professional) विशेषज्ञों का पैनल तैयार करने का निर्णय लिया गया।

अंत में माननीय अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न की गई।

कुलसचिव